# छह वाहनों को सीज किया, अवैध भंडारण पकड़ा

देहरादून। जिला खनन अधिकारी नवीन सिंह ने बताया कि काठबंगला रिस्पना पुल रायपुर में अवैध खनन की शिकायत प्राप्त हुई थी। सुबह छह बजे छापेमारी की गई। छापे में छह वाहनों को अवैध खनन में लिप्त पाया। वाहनों को सीज कर खनन निदेशालय परिसर में खड़ा किया गया है। उन्होंने बताया कि तहसील डोईवाला में बिना अनुमति के चल रहे भण्डारणों पर भी कार्रवाई की गई। बिना अनुमति के भण्डारण किए गए उपखनिज को जब्त किया गया। टीम में कुमेर सलाल ( खनिज पर्यवेक्षक ), पंकज चन्द व आशीष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

डोईवाला: जिला खान अधिकारी नवीन सिंह ने सूचना पर सौड़ा सरोली में अवैध खनन करती जेसीबी व डंपर को सीज कर दिया। मामला मंगलवार का है, जब सौड़ा सरोली क्षेत्र में अवैध खनन की सूचना मिली। सरकारी वाहन की बजाय अपने निजी वाहन से सुबह पांच बजे सूचना वाले स्थल पर छापा मारा तो पाया कि एक जेसीबी मशीन व डंपर की ओर से अवैध खनन किया जा रहा था। (संस)